# दो घंटे तक इंदौर-उज्जैन हाईवे पर चक्काजाम, सात दिन की मोहलत पर हटे रास्ते से

- मामला बस से कुचलने पर पूरे परिवार की मौत का
- शुक्ला ब्रदर्स और ड्रायवर पर पुलिस की दरियादिली पर भड़की करणी सेना

**इंदौर/ सांवेर. शुक्ला ब्रदर्स की बाणेश्वरी ट्रेवल्स की बस के जिस लापरवाह ड्रायवर ने बस की चपेट में लेकर चार लोगों के परिवार को एकसाथ खत्म कर दिया उसे जमानत मिल जाने से रिहा हो जाने पर करणी सेना भड़क गई. आक्रोशित होकर करणी सेना से संबद्ध महिला-पुरुषों के एक बड़े समूह ने रविवार को दोहपर में इंदौर-उज्जैन हाईवे पर चक्काजाम कर दिया. करीब दो घंटे तक ये लोग मार्ग रोककर डटे रहे. एसडीएम और एसडीओपी की समझाईश और सात दिन में मांगों का निराकरण करने के भरोसे पर चक्काजाम खत्म किया गया.**



गत बुधवार की रात को बाणेश्वरी ट्रेवल्स की बस क्रमांक एमपी 09 एफए 6390 की चपेट में आने से खरगोन जिले के सनावद के गोल गाँव निवासी महेंद्र सोलंकी राजपूत (45), पत्नी जयश्री (40) व दोनों बेटे 16 वर्षीय जिगर व 12 वर्षीय तेजस की दर्दनाक मौत के मामले में बस के लापरवाह ड्रायवर शिव सोनवानिया निवासी पंथपिपलई (उज्जैन) पर सांवेर थाने में इतनी हल्की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया था कि ड्रायवर को न्यायालय में चंद मिनिटों में जमानत मिल गई और ड्रायवर आजाद हो गया. रविवार को दोपहर 12 बजे बाद मां करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्रसिंह गौतम, प्रदेश प्रभारी यादवेंद्रसिंह गौर यादू के साथ दर्जनों पदाधिकारी और कार्यकर्ता जिनमें कई महिलाएं भी सम्मिलित थी, इंदौर-सांवेर के बीच रिंगनोदिया गाँव में उस स्थान पर जमा हो गए जहाँ पिछले बुधवार की रात को शुक्ला ब्रदर्स की बस की चपेट में आने से बाईक पर सवार चार जनों की मौत हो गई थी. यहाँ पर इन लोगों ने सड़क पर बैठकर वाहनों को रोक दिया. देखते देखते ही देखते मार्ग पर दोनों ओर छोटे बड़े वाहनों की लंबी कतार लग गई. सूचना मिलते ही सांवेर एसडीओपी प्रशांत भदौरिया और टीआई जटाशंकर महोबिया पुलिस बल के साथ यहाँ पहुँच गए . सांवेर एसडीएम घनश्याम धनगर भी आ गए. अधिकारियों ने सड़क रोककर बैठे आक्रोशित करणी सैनिकों को समझाकर रास्ता खोलने का आग्रह किया मगर कोई असर नहीं हुआ. करीब दो घंटे तक अधिकारियों और करणी सैनिकों के बीच बहस चलती रही तब तक जाम लगा रहा . पुलिस ने जाम खुलवाने के लिए बलप्रयोग तो नहीं किया मगर कुछ सख्ती दिखाने के साथ ही एसडीएम व एसडीओपी ने उच्चाधिकारियों से चर्चा करने और सात दिनों में मांगों को पूरी करवाने के लिए उचित कदम उठाने का भरोसा दिया जिस पर चक्काजाम खुला .

## पुलिस ने एक ही जिले में दो कानून बना दिए!

जाम लगने से अतिव्यस्त इंदौर-उज्जैन मार्ग पर चक्काजाम स्थल के दोनों ओर वाहनों की लंबी लाईन और कई किमी लंबी होती चली गई. करणी सेना वालों ने अधिकारियों से सवाल किया कि एक ही जिले में एक जैसे अपराध में दो कानून क्यों. इनने मांग की कि जो धाराएं इंदौर में चार लोगों को ट्रक से कुचलने वाले ट्रक ड्रायवर के खिलाफ लगाई गई वही धाराएं शुक्ला ब्रदर्स की बस के ड्रायवर शिव सोनवानिया के खिलाफ भी लगाकर जेल भेजा जाए. चूँकि निर्माणाधीन इंदौर-उज्जैन सिक्स लेन मार्ग पर ठेकेदार ने समुचित प्रबंध नहीं कर रखे हैं इसलिए मार्ग पर सुरक्षा संकेत तो लगाए ही जाएं. साथ ही इस हादसे के मामले में ड्रायवर के साथ रोड ठेकेदार को भी आरोपी बनाया जाए.

**स्थानीय लोगों ने किया प्रदर्शन**-मामले में सांवेर थाना प्रभारी विजयशंकर महोदिया ने बताया कि मृतक के परिजनों के साथ कुछ कांग्रेसी नेता व स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन किया, वह एसडीएम के सामने आपनी बात रखना चाहते थे, उनकी सभी मांगों को एसडीएम सर ने मान लिया, इसके बाद सभी लोग यहां से रवाना हो गए, चक्काजाम जैसा कुछ नहीं हुआ.

## एक नजर में
## जेल में स्वच्छता अभियान का शुभारंभ



इंदौर . केंद्रीय जेल इंदौर में 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत जेल परिसर में व्यापक स्वच्छता अभियान आयोजित किया . जेल अधीक्षक श्रीमती अलका सोनकर के नेतृत्व में यह कार्यक्रम नगर निगम की टीम के सहयोग से संपन्न हुआ . अभियान में जेल स्टाफ और बंदियों ने मिलकर पूरे परिसर की गहन सफाई की और अपने प्रयासों से अभियान को सफल बनाया . इस सेवा पखवाड़ा की थीम सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास और वोकल फॉर लोकल के उद्घोष के साथ पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाई गई . इस अवसर पर अतिरिक्त जेल अधीक्षक इंदर सिंह नागर, वरिष्ठ परिवीक्षा एवं कल्याण अधिकारी अभिषेक दांगी, संतोष लाडिया और जेल सुरक्षा स्टाफ की सक्रिय भागीदारी सराहनीय रही .

## चंदन नगर में 14 वर्षीय नाबालिग ने फांसी लगाई



इंदौर . चंदन नगर थाना क्षेत्र के ग्राम सिदौड़ा में शाम 14 वर्षीय नाबालिग ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली . पुलिस को घटना स्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है और मामले की जांच जारी है . 14 वर्षीय मृतका रोशनी पिता गोविंदा ने घर के कमरे में फांसी लगाई, घटना के वक्त उसकी तीन बहनें बाहर थीं . जब वे लौटीं तो रोशनी को फंदे पर लटका पाया और तत्काल आसपास के लोगों को सूचना दी . परिजनों के मुताबिक, रोशनी ने कुछ समय पहले पढ़ाई छोड़ दी थी . उसके पिता पेशे से ड्राइवर हैं और घटना वाले दिन भोपाल गए थे, जबकि मां काम पर इंदौर आई हुई थीं . परिवार में चार बहनें और हैं, जिनमें बड़ी बहन की शादी हो चुकी है . चंदन नगर थाना प्रभारी इंद्रमणि पटेल का कहना है कि प्राथमिक जांच में आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं है . शव का पोस्टमार्टम कराया गया है और मामले की जांच की जा रही है .

## श्राद्ध पखवाड़ा समाप्त, आज से नवरात्र प्रारंभ



महू . सर्व पितृ अमावस्या के साथ ही श्राद्ध पखवाड़ा भी समाप्त हो गया . इसी के साथ ही सोमवार से महू नगर में नवदुर्गा की धूम चालू हो जाएगी . इस अवसर पर देवी की विभिन्न प्रतिमाओं को अलग अलग रूपों से, आकर्षित रंगों के साथ और उनकी भाव भंगिमा को उभारते हुए प्रतिमाओं को अंतिम रूप प्रदान किया जा रहा है . महू के धारनाका, महूगांव क्षेत्र में प्रतिमाओं को तराशने का काम बहुत तेजी से अंतिम चरण में चल रहा है . मां की आराधना के लिए शहर में जगह जगह गरबा पंडालों को अंतिम रूप दीया जा रहा है . शहर के सबसे बड़े डांडिया महू के धारनाका के हाई स्कूल में पंख परिवार द्वारा किया जाता है ।जहां हजारों की संख्या में लड़कियां ओर महिलाएं गरबा नृत्य करती है . आयोजक सुनील चौधरी ने बताया कि यहां शहर ओर ग्रामीण के आसपास का सबसे बड़ा आयोजन होता है . जहां एक साथ 1 हजार से अधिक लोग गरबा कर लेते है ओर खास बात यह है कि इस आयोजन में लड़कियां, महिलाएं, सांस्कृतिक और पारंपरिक वेश भूषा में शामिल होती है . साथ ही उनकी सुरक्षा का भी पूरा ध्यान दिया जाता है . जहां सैकड़ों की संस्था में कार्यकर्ता होते है वहीं प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क रहता है . संस्था पंख के अध्यक्ष सुनील चौधरी ने बताया यह संस्था का 11वां वर्ष है . इस आयोजन में संस्था के ऋषि शर्मा, कमल चौधरी, शशांक जैन संचित जायसवाल, अजय वर्मा, राजू पथरिया आदि लोगों का सहयोग रहता है .

## एक दिनी कार्यशाला में दी विभिन्न जानकारियां



महू . जनजाति कार्य मंत्रालय भारत सरकार तथा मध्यप्रदेश सरकार द्वारा इंदौर जिले के 56 गांव में लागू किए गए आदि कर्मयोगी अभियान के तहत आज डॉ भीमराव अंबेडकर संस्थान डॉ अंबेडकर नगर महू में विधायक ऊषा ठाकुर के मार्गदर्शन तथा जनपद अध्यक्ष सरदार मालवीय के विशेष प्रयासों से अनुविभागीय अधिकारी राजस्व महू राकेश परमार, सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग नरेंद्र सिंह भिड़े की उपस्थिति में समस्त जन प्रतिनिधियों तथा ग्रामो में डाटा संकलन का कार्य कर रहे समस्त विलेज मास्टर ट्रेनर तथा ब्लॉक लेवल अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण व कार्यशाला का आयोजन किया गया . परियोजना अधिकारी मोहन सोनी ने इस कार्यशाला में आदि कर्मियों की अभियान पर संपूर्ण प्रकाश डालते हुए आदि प्रसारण पोर्टल, आदि साथी, आदि सहयोगी के रूप में रजिस्ट्रेशन, आदि वाणी एप डाउनलोड करने व इसके उपयोग के बारे में प्रशिक्षित किया गया . गांव में सरकारी कर्मचारी जो विलेज मास्टर ट्रेनर हैं उनके साथ तमाम जनप्रतिनिधि एनजीओ के साथी गांव के शिक्षित युवा इत्यादि के सहयोग से डाटा संकलन का कार्य घर-घर ट्रांसिट वाक कर चल रहा है . इस कार्य में आने वाली व्यक्तिगत और व्यावहारिक समस्याओं को भी कार्यशाला में मोहन सोनी द्वारा दूर किया गया . डाटा संकलन का कार्य पूर्ण होने के पश्चात विलेज एक्शन प्लान तय समय में 30 सितंबरतक पूरा कर 2 अक्टूबर की विशेष ग्राम सभा में इसे पारित करवाने हेतु भी मार्गदर्शन दिया गया . भारत सरकार के जनजाति कार्य मंत्रालय द्वारा एक आदि वाणी ऐप लॉन्च किया गया है इस ऐप को भी सभी आदि कर्मयोगियों के साथ हर व्यक्ति द्वारा डाउनलोड किए जाने के बारे में तथा इसकी विशेषताओं के बारे में प्रकाश डाला गया .

## जीआरपी की सतर्कता से यात्री को लौटाए लाखों के लैपटॉप



इंदौर.जीआरपी इंदौर ने एक बार फिर तुरंत कार्रवाई करते हुए यात्री की कीमती वस्तुएं सुरक्षित वापस दिलाई. प्रयागराज-अंबेडकर नगर एक्सप्रेस के कोच एस-1 में यात्रा कर रहे यात्री का लैपटॉप बैग बर्थ पर छूट गया था. सूचना मिलते ही जीआरपी टीम ने तत्परता दिखाते हुए बैग बरामद कर यात्री को सौंपा.यात्री ऋषभ कुमार दुबे मूल निवासी उत्तर प्रदेश, वर्तमान में इंदौर में निवासरत का बैग ट्रेन से उतरते समय छूट गया था. मामले की सूचना मिलते ही प्रधान आरक्षक कृष्ण चौहान तुरंत प्लेटफार्म पर पहुंचे और ट्रेन के कोच एस-1 से बैग बरामद कर जीआरपी चौकी महू लाए. जांच के बाद बैग यात्री को सुपुर्द किया. जिसमें दो लैपटॉप एचपी कंपनी का करीब 80 हजार और एसर कंपनी का लगभग 60 हजार का सुरक्षित पाए गए. यात्री ने जीआरपी की तत्परता की सराहना करते हुए कहा कि समय पर मदद न मिलने पर उनका डेढ़ लाख रुपए से अधिक का नुकसान हो सकता था.

# तीन मौतों के सात दिन बाद ट्रक मालिक को भी पुलिस ने बनाया आरोपी

- शराब के नशे में ड्राइवर ने मचाई थी तबाही
- जांच में मालिक की भूमिका भी सामने आई

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** शहर में शराब के नशे में ट्रक चलाकर तीन लोगों की जान लेने वाले ड्राइवर पर प्रकरण दर्ज होने के सात दिन बाद पुलिस ने अब ट्रक मालिक को भी आरोपी बनाया है. इस कदम से हादसे की जांच नई दिशा में बढ़ गई है.

एरोड्रम थाना क्षेत्र में अवैध रुप से प्रवेश कर तीन लोगों को मौत की निंद सुलाने वाले ट्रक हादसे के बाद पुलिस जांच में यह भी पता चला कि 16 टन माल से भरे ट्रक को चलाते समय ड्राइवर गुलशेर और क्लीनर ने पहले कहीं बैठकर शराब पी थी. इसके बाद ट्रक रानी इंटरप्राइजेज, राऊ में 11 टन और आर्ट ग्राफिक इंडस्ट्रियल एरिया, राऊ में 5 टन माल उतारकर पोलोग्राउंड की ओर जा रहे थे. रास्ता भटकने के कारण वे कालानी नगर चौराहे पर पहुंचे और दुर्घटना का कारण बने, जिसमें तीन लोग मारे गए और 15 से अधिक वाहन चालक घायल हुए. मामले में डीसीपी कृष्णा लालचंदानी ने बताया कि ड्राइवर और क्लीनर को हादसे के पांच दिन बाद रिमांड पर लिया था. रिमांड समाप्त होने के बाद दोनों को कोर्ट में पेश किया. जांच में यह खुलासा हुआ कि ट्रक मालिक सोहेल खान को भी अपनी जिम्मेदारियों का पालन नहीं करने के कारण आरोपी बनाया है.

# ज्वेलर्स के यहां लूट का पुलिस ने किया पर्दाफाश

## ऑनलाइन फ्लैट बुकिंग के जरिए ज्वेलरी शोरूम कर्मचारी को दिया झांसा

- दो शातिर ठग गिरफ्तार, 10 लाख 50 हजार कीमत के आभूषण बरामद
- भोपाल से शताब्दी ट्रेन पकड़ते समय जीआरपी की मदद से गिरफ्तार

**इंदौर. पुलिस ने शहर के प्रसिद्ध झांजरिया ज्वेलर्स के कर्मचारी के साथ 10 लाख 50 हजार रुपए की धोखाधड़ी और लूट करने वाले दो शातिर ठगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटे गए आभूषण बरामद कर लिए हैं. आरोपियों ने ऑनलाइन फ्लेट बुक कर ज्वेलरी शोरूम कर्मचारी को झांसा दिया था.**








आरोपी विशाल शेरा और प्रमोद सेन ने निपानिया स्थित पिनेकल ड्रीम्स में फ्लेट बुक किया और झांजरिया ज्वेलर्स के कर्मचारी को फ्लेट पर बुलाकर सोने की चेन और कड़े लेने के लिए कहा. कर्मचारी ने आभूषण पहुंचाए, लेकिन आरोपी उसे धक्का देकर अपने साथी के साथ फरार हो गए. सतर्कता और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर लसूडिया पुलिस ने आरोपियों की खोजबीन शुरू की. ओमेक्स सिटी और देवास मार्ग पर ट्रेसिंग के बाद पता चला कि आरोपी भोपाल से शताब्दी ट्रेन पकड़कर दिल्ली जा रहे हैं. इसके तुरंत बाद पुलिस ने ग्वालियर जीआरपी पुलिस की मदद से दोनों आरोपियों वेस्ट दिल्ली के विपिन गार्डन स्थित सूर्या अपार्टमेंट में रहने वाले 48 वर्षीय विशाल शेरा तथा उत्तर प्रदेश के कासगंज गंगेश्वर कॉलोनी में रहने वाले 50 वर्षीय प्रमोद सेन जो अपाहित भी है, को ट्रेन में गिरफ्तार कर उनके पास से लूटे गए आभूषण दो सोने की चेन, दो सोने के कड़े जिनकी कीमत 10 लाख 50 हजार रुपए बताई जा रही है बरामद किए. पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने विभिन्न ज्वेलर्स से इसी तरह का धोखाधड़ी करने का तरीका अपनाया था. दोनों के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा रही है और अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ जारी है.

# राजा के जन्मदिन पर परिवार ने फोटो के पास मनाया उत्सव

- जरूरतमंदों को करेंगे कंबल वितरित



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** बहुचर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड में आज उनके परिवार का दर्द एक बार फिर छलक पड़ा. रविवार को राजा का जन्मदिन था. परिवारजन राजा की तस्वीर के पास पहुंचे, 'हैप्पी बर्थ-डे' गाया और उनकी मां ने तस्वीर की बलाएं भी लीं. इस मौके पर राजा के माता-पिता, दोनों भाई, पत्नी और बच्चे मौजूद रहे.

परिजनों ने बताया कि राजा के जन्मदिन पर वे जरूरतमंदों को कंबल आदि वितरित करेंगे. परिजनों ने कहा कि जिस भाई को बचपन से बड़ा होते देखा, धूमधाम से शादी की, वही शादी के कुछ दिनों बाद ही पत्नी और उसके प्रेमी द्वारा रची गई साजिश में मारा गया. इस घटना ने पूरे परिवार को तोड़ दिया. जन्मदिन के मौके पर राजा के भाई विपिन और सचिन ने सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरें साझा कर लिखा मेरा भाई राजा आज हमारे बीच नहीं है, उसकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करें और उसे न्याय दिलाने में हमारा सहयोग करें. राजा के केस को मजबूती देने के लिए विपिन हाल ही में शिलांग गए थे और वहां एक वकील को हायर किया है, परिवार को अब भी न्याय की प्रतीक्षा है. उल्लेखनीय है कि राजा रघुवंशी की हत्या का मामला पूरे देश में सुर्खियों में रहा था. इस केस में पुलिस पहले ही 790 पन्नों की चार्जशीट कोर्ट में पेश कर चुकी है और राजा की पत्नी सोनम सहित पांच आरोपी फिलहाल जेल में हैं.



# जयस कार्यकर्ताओं ने एमवाय अस्पताल पर किया प्रदर्शन

- चूहा कांड को लेकर बड़ा आक्रोश,
- डीन, सुपरिटेंडेंट सहित दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. पिछले दिनों एमवाय अस्पताल में हुए चर्चित चूहा कांड को लेकर आक्रोश कम नहीं हुआ है. रविवार को जय आदिवासी युवा शक्ति के कार्यकर्ताओं ने एमवाय अस्पताल के मुख्य गेट पर प्रदर्शन कर दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई और न्याय की मांग की.**

दोपहर 12 बजे अस्पताल के गेट पर जयस कार्यकर्ताओं का जमावड़ा शुरू हुआ और उन्होंने जोरदार नारेबाजी की. राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकेश मुजाल्दा ने कहा कि अस्पताल प्रशासन की लापरवाही ने मासूम नवजात बच्चियों की जिंदगी से खिलवाड़ किया है और यह घटना पूरे प्रदेश को झकझोर देने वाली है. उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि डीन, सुपरिटेंडेंट और अन्य दोषी अधिकारियों को निलंबित नहीं किया तो भविष्य में मासूमों की जान खतरे में रहेगी. इस दौरान कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन केवल न्याय की मांग तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे स्वास्थ्य तंत्र की जवाबदेही तय करने का प्रयास है. कुछ समय बाद डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया और एसडीएम प्रदीप सोनी अस्पताल पहुंचे, लेकिन जयस ने कहा कि उनकी मांगें पूरी नहीं होने तक चरणबद्ध आंदोलन जारी रहेगा. प्रदर्शन स्थल पर कार्यकर्ताओं का आक्रोश बना हुआ है और प्रशासन से जल्द कदम उठाने की उम्मीद जताई जा रही है.

# दो साल से बिना नंबर चल रही कार पकड़ी, 6 हजार का बनाया चालान

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. तेजाजी नगर चौराहे पर रविवार को यातायात पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बिना नंबर चल रही कार को 2 किलोमीटर पीछा कर पकड़ा. वाहन पिछले दो साल से बिना नंबर चलाया जा रहा था और टैक्सी के रूप में उपयोग में लिया जा रहा था.**



यातायात सूबेदार अमित कुमार यादव और आरक्षक आशीष ने आईटी पार्क से तेज रफ्तार में आती अर्टिगा कार को रोकना चाहा, लेकिन ड्राइवर वाहन भगा ले गया. पुलिस ने पीछा कर रालामंडल मर्जिंग प्वाइंट पर उसे पकड़ लिया. पूछताछ में चालक ने बताया कि मालिक ही उसे बिना नंबर कार चलाने को मजबूर करता है. कार में उत्तर प्रदेश से आए पर्यटक परिवार सवार था, जिन्हें महेश्वर जाना था. पुलिस ने तुरंत दूसरी टैक्सी बुलाकर परिवार को रवाना किया. रस्तोगी परिवार ने पुलिस की तत्परता के लिए आभार जताया. कार को जब्त कर विभिन्न धाराओं में कार्रवाई की गई और 6 हजार रुपए का कोर्ट चालान बनाया.

# कोबरा पकड़ते समय सिपाही को डंसा


## इलाज के दौरान आरक्षक की मौत

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** फर्स्ट बटालियन में पदस्थ एक आरक्षक की देर रात को सांप के डंसने से मौत हो गई. आरक्षक को अस्तबल में सांप निकलने की सूचना पर भेजा था. इस दौरान कोबरा पकड़ने की कोशिश में उसने आरक्षक की उंगली पर डंस लिया. गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई.

मृतक आरक्षक 47 वर्षीय संतोष चौधरी लंबे समय से फर्स्ट बटालियन में सेवाएं दे रहे थे. शनिवार रात करीब 9 बजे घोड़ों के अस्तबल में सांप दिखाई देने की सूचना मिली थी. अधिकारी के निर्देश पर संतोष वहां पहुंचे और सांप पकड़ने लगे. इसी दौरान कोबरा ने उन्हें डंस लिया. साथी आरक्षक स्वामी प्रसाद साहू तुरंत उन्हें एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन जान नहीं बचाई जा सकी.






बताया जाता है कि संतोष पहले भी कई बार सांप पकड़ चुके थे, इसलिए उन्हें मौके पर बुलाया था. संतोष मूल रूप से इंदौर के निवासी थे और परिवार में पत्नी, एक बेटा व एक बेटी है. घटना की खबर मिलते ही देर रात कई अधिकारी अस्पताल पहुंचे और शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं.

एक नजर में | मामला वार्ड 68 के रविदासपुरा का

# नलों में आ रहा दूषित पानी, किल्लत झेल रहे रहवासी



**इंदौर. शहर में वर्तमान स्थिति में पानी की समस्या कहां नहीं है. देखने में आया है कि नब्बे प्रतिशत क्षेत्रों में दूषित पानी या पानी की किल्लत की समस्या का निराकरण आज भी नहीं हुआ है जबकि नगर निगम अपने कार्य को सफल बताती है.**

बॉम्बे बाजार के पास कागदी पुरा से लगा हुआ रविदास पुरा जो कि वार्ड 68 में आता है. वार्ड के रविदासपुरा में पानी की समस्या को लेकर मामला सामने आया है. जहां पुरानी नर्मदा लाइन से लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा था. साथ ही दूषित पानी की समस्या बढ़ चुकी थी. इस समस्या के निराकरण करने के लिए क्षेत्रवासियों ने कई बार नगर निगम और झोन पर शिकायत दर्ज कराई. इसके बाद क्षेत्र में नर्मदा की नई लाइन डाली गई. नगर निगम के कार्य से लोगों को यहां उम्मीद थी कि अब उनके क्षेत्र में पानी को लेकर भी प्रकार की समस्या नहीं आएगी लेकिन हुआ कुछ ज्यादा उल्टा. नर्मदा की नई लाइन डालने के बावजूद लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा बल्कि और पानी की किल्लत और बढ़ गई. इतना ही नहीं वर्तमान स्थिति में दूषित पानी ही उनके हिस्से में आ रहा है.

## इनका कहना है ...



जबसे नर्मदा पानी की नई लाइन डाली गई है लोगों की समस्या और बढ़ गई. मात्र आधा घंटा क्षेत्र में पानी आता है. इतने कम समय में लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिलता.

**- श्यामलाल सुनहरिया**

क्षेत्र में पुरानी लाइन भी चालू है और नई लाइन भी डाली गई है लेकिन दोनों ही लाइन में दूषित पानी आता है. जो पीने की योग्य नहीं होता. मजबूरन उसे पीना पड़ता है.



**- रूपेश धूलधोए**

पानी का प्रेशर नहीं आता है. एक फीट नल ऊपर होते ही पानी आना बंद हो जाता है.



आस-पास से या फिर क्षेत्र में लगे बोरिंग का खारा पानी ही उपयोग करना पड़ता है.

**- मधु भट्टी**